भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †1006

सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

बिहार में पर्यटन परियोजनाओं का विकास

†1006. श्री अजय कुमार मंडलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमात वर्ष सहित विगत तीन वर्षों के दौरान बिहार में विशेषकर भागलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पर्यटन के विकास हेतु अनुमोदित, स्वीकृत और निष्पादित परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूरी की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं के पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या बिहार सरकार ने सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिहार में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय "स्वदेश दर्शन", "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)" और "पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता" की अपनी जारी योजनाओं के माध्यम से बिहार सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को सम्पूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना, चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी), के तहत विकास के लिए बिहार में भागलपुर और सारण जिले (सोनपुर मेला) को चिह्नित किया है।

मंत्रालय की उपर्युक्त योजनाओं के तहत बिहार राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं और जारी की गई राशि तथा परियोजना की स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय परियोजना की प्रगति की नियमित रूप से निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को भी समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों से पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता हेतु प्रस्ताव प्राप्त करना एक सतत प्रक्रिया है। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशा-निर्देशों के संदर्भ में जांच की जाती है और इन परियोजनाओं के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करने और निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

*****

अनुबंध

श्री अजय कुमार मंडल द्वारा बिहार में पर्यटन परियोजनाओं का विकास के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1006 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

बिहार में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

राज्य	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**वास्तविक प्रगति**
बिहार	1	पटना साहिब में विकास	2015-16	29.62	29.62	पूर्ण
	2	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63	3.63	पूर्ण

बिहार में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

राज्य	**परिपथ का नाम**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**वास्तविक प्रगति**
बिहार	तीर्थंकर परिपथ 2016-17	वैशाली- आरा- मसद- पटना- राजगीर- पावापुरी- चंपापुरी का विकास	33.96	30.04	पूर्ण
बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	कांवरिया मार्ग का विकास: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर	44.76	42.52	पूर्ण
बिहार	बौद्ध परिपथ 2016-17	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	95.18	95.18	पूर्ण
बिहार	ग्रामीण परिपथ 2017-18	भितिहरवा-चंद्रिया-तुरकौलिया का विकास	44.27	40.31	पूर्ण
बिहार	आध्यात्मिक परिपथ 2017-18	मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास	44.55	42.32	पूर्ण

बिहार में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रु. में)

स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**वास्तविक प्रगति**
2013-14	गया रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	5.18	4.14	जारी
2023-24	बक्सर, बिहार में एक्वा स्क्रीन प्रोजेक्शन और साउंड शो सहित 3डी मैपिंग और राम रेखाघाट, बिहार में डाईनेमिक लाईटिंग एवं मॉटिफ	5.99	0.599	जारी

*****